समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सीजफायर के बाद झूम उठा बाजार, 2200 अंक उछला सेसेंक्स, 10 सेकेडं मे बंरसे 10 लाख करोड़ ।

Publisher
Published on 12 May 2025



## गिफ्ट निफ्टी सुबह करीब सात बजकर 50 मिनट पर 496 प्वाइंट ऊपर चढ़कर 24,561.5 के स्तर पर कारोबार कर रहा था. उसी समय से भारतीय शेयर बाजार के मजबूती से खुलने का संकेत दे रहा था.

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान और सीमा पर तनाव कम होने के बाद सोमवार को पहली बार खुले शेयर बाजार में शानदार रौनक देखने को मिल रहा है. हफ्ते के पहले कारोबारी दिन की शुरुआत होते ही करीब साढ़े नौ बजे सेंसेक्स ने लंबी छलांग लगाते हुए 1784.12 प्वाइंट यानी 2.25 फीसदी की बढ़त के साथ 81,238.59 के स्तर पर खुला. हालांकि, उसके बाद सेंसेक्स और 2200 अंक ऊपर चला गया.

निफ्टी 549.15 प्वाइंट यानी 2.29 प्रतिशत ऊपर चढ़कर 24,557.15 पर कारोबार करता हुआ नजर आया. बाजार में इस बढ़त के बाद करीब 10 सेकेंड के अंदर ही मार्केट कैप 10.59 लाख करोड़ रुपये और बढ़ गया यानी निवेशकों की संपत्ति में बाजार खुलते ही 10.59 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई.

तनाव कम होने से उछला बाजार

हालांकि, आज बाजार में विदेशी निवेशकों का रुख, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे और चीन और अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौते पर बनी सहमति की वजह से वैश्विक के साथ ही घरेलू शेयर बाजार में उत्साह देखा जा रहा है. गिफ्ट निफ्टी सुबह करीब

सात बजकर 50 मिनट पर 496 प्वाइंट ऊपर चढ़कर 24,561.5 के स्तर पर कारोबार कर रहा था. जबकि डाउ जोन्स करीब 400 अंक ऊपर उछला. इसके बाद से ही भारतीय शेयर बाजार के मजबूती से खुलने के संकेत मिल रहे थे.

दूसरी तरफ अमेरिका और चीन के बीच पिछले दो दिनों से जेनेवा में चली बैठक के बाद व्हाइट हाउस का बयान आया है, इसमें बताया गया है कि व्यापारिक समझौते को लेकर दोनों ही देशों के बीच आपसी सहमति बन गई है. वैश्विक तनाव कम होने के संकेत से एशियाई बाजार में भी तेजी दिखी. एएसएक्स 2 में 0.47 प्रतिशत का उछाल दिखा, जबकि निक्केई में 0.18 प्रतिशत का इजाफा रहा. जबकि टॉपिक्स में 0.12 प्रतिशत तो वहीं कोस्पी में 0.60 प्रतिशत ऊप चढ़ा.

ग्लोबल मार्केट में भी तेजी
शुक्रवार को अमेरिकी मार्केट में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला था. S&P 500 में 0.07 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी जबि डाउ जोन्स 0.29 प्रतिशत फिसल गया था. इस हफ्ते वॉलमार्ट, अलीबाबा और जेडी डॉट कॉम के रिजल्ट आएंगे. इसके अलावा, अमेरिकी का महंगाई के आंकड़े मंगलवार को जारी किए जाएंगे.

बाजार का जानकारों का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के तनाव का शेयर मार्केट पर शॉट टर्म असर रहने वाला है. उसकी वजह है विदेशी निवेशकों का लगातार भरोसे का बरकरार रहना. इसके साथ ही, घरेलू संस्थागत निवेशकों की तरफ से लगातार की जा रही खरीदारी से भी इंडेक्स को मदद मिली है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.